**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र - (2020-21) ऑनलाइन माध्यम**

**कक्षा : पंचम** **विषय : हिन्दी** **समय : 1 घंटा**

**नाम : ........................................ कक्षा एवं वर्ग : .................. दिनांक : ................ अनुक्रमांक :.....**

| दक्षताएं | पठन (5) | व्याकरण(3) | वर्तनी(2) | गद्य व पद्य(7) | रचनात्मक लेखन(6) | सुलेख (2) | योग (25) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

.......................................................................................................................

**ऑनलाइन माध्यम - प्रश्नपत्र के प्रथम खंड में,** पठन, व्याकरण, तथा वर्तनी संबंधी दक्षताओं की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें 1 अंक वाले कुल 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं । **प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड में,** (पाठ्य पुस्तक के गद्य व पद्य, रचनात्मक लेखन तथा सुलेख से संबन्धित 3 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न तथा 6 लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। इस प्रकार यह प्रश्नपत्र कुल 25 अंक का है। इस प्रश्न पत्र को गूगल फार्म या एमएस फार्म के माध्यम से कराया जा सकता है। इसकी समयावधि कुल 1 घंटा होगी (½ घंटा प्रथम खंड हेतु + ½ द्वितीय खंड हेतु)। इस प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड के प्रश्न क्र. 11 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर सभी विद्यार्थी अपनी कापी में लिखकर उनका फोटो खींचकर jpg अथवा pdf फ़ाइल में (जैसा संभव हो) निर्धारित स्थान (add file) में अपलोड करके सबमिट (submit) करेंगे। विद्यार्थियों को अपलोडिंग हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

.......................................................................................................................

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

## (पठन) पठित गद्यांश (1x5 = 5 अंक)

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये।**

किसी भी नदी की शुरुआत ऊँचे स्थानों या पहाड़ों से होती है। जहाँ से नदी की शुरुआत होती है उस जगह को नदी का उद्गम कहते हैं। मछुआरे और सैलानी नदी के किनारे मछलियाँ पकड़ते हैं। नदी जब ऊँचाई से गिरती है तो जलप्रपात बनता है | वह स्थान जहाँ नदी समुद्र में मिलती है, उसे नदी का मुहाना कहते हैं।

प्रश्न 1. नदी जब ऊँचाई से गिरती है तो क्या बनता है?

क) तालाब ख) जल प्रपात ग) झील

प्रश्न 2. इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

क) पहाड़ों की दुनिया ख) नदी का सफ़र ग) सुंदर घाटी

प्रश्न 3. वह स्थान जहाँ नदी समुद्र में मिलती है, क्या कहलाता है?

क) सागर ख) मुहाना ग) झरना

प्रश्न 4. नदी के किनारे कौन-कौन लोग मछलियाँ पकड़ते हैं?

क) व्यापारी और दुकानदार ख) अध्यापक और किसान ग) मछुआरे और सैलानी

प्रश्न 5. जहाँ से नदी की शुरुआत होती है उस जगह को क्या कहते हैं?

क) नदी का पाट ख) नदी का उद्गम ग) नदी का किनारा

**(व्याकरण) 1x3 = 3 अंक (MCQs)**

प्रश्न 6. निम्न में से कौन सा शब्द '**बादल**' का पर्यायवाची शब्द है?

क) आकाश ख) पवन ग) घन

प्रश्न 7. निम्न में से '**अल्पविराम**' चिह्न कौन सा है?

क) ? ख) , ग) ।

प्रश्न 8. "मेरा दोस्त बुद्धिमान है" इस वाक्य में सर्वनाम शब्द होगा -

क) मेरा ख) बुद्धिमान ग) दोस्त

**वर्तनी (1 x 2 = 2 अंक) (MCQs)**

प्रश्न 9. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द शुद्ध है?

क) प्राचार्य ख) प्रार्चाय

प्रश्न 10. निम्न में से सही शब्द का चयन कीजिये।

क) बिवश ख) विवश

---

**द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा )**

**गद्य-पद्य संबंधी प्रश्न - प्रश्न क्र. 11 से 13 तक** अति लघु उत्तरीय प्रश्न - (1 x 3 = **3** अंक)

**प्रश्न क्र. 14 से 15 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 2 = **4** अंक)

**रचनात्मक लेखन - प्रश्न क्र. 16 से 18 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 3 = **6** अंक)

**सुलेख - प्रश्न क्र. 19** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 1 = **2** अंक)

---

प्रश्न 11. कोको कौन था?

........................................................................................................................

प्रश्न 12. स्वामीनाथन के मित्र का नाम क्या था?

.............................................................................................................................

प्रश्न 13. "बाघ आया उस रात" कविता किसने लिखी है?

................................................................................................................................

प्रश्न 14. धरती की गुल्लक किन-किन साधनों से भरती है? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

.........................................................................................................................................

.......................................................................................................................................

प्रश्न 15. बिशन घायल तीतर को क्यों बचाना चाहता था? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

.........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

## रचनात्मक लेखन

प्रश्न 16. प्रिय विद्यार्थियो, आप को जो भी खेल अच्छा लगता है उसके बारे में दो वाक्य लिखिए ।

.........................................................................................................................................

......................................................................................................................................

प्रश्न 17. अत्यधिक आबादी (जनसंख्या) के कारण होने वाली समस्याओं को दो वाक्यों में लिखिए।

.........................................................................................................................................

......................................................................................................................................

प्रश्न 18. गरीब बच्चों की मदद करने हेतु कोई दो तरीके लिखिए ।

.........................................................................................................................................

........................................................................................................................................

## सुलेख

प्रश्न 19. नीचे लिखे गद्यांश को सुंदरता एवं शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए ।

हम सुख-सुविधाओं के लिए जंगलों को काटकर शहर बनाते जा रहे हैं | इतनी अधिक संख्या में प्रतिदिन पेड़ काटने से पृथ्वी पर सभी प्राणियों के लिए जीवन का संकट उत्पन्न होता जा रहा है।

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र-(2020-21) की अंक योजना**

**कक्षा : पंचम** **विषय : हिन्दी**

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

### (पठन)

**प्रत्येक सही विकल्प चुनने के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा गलत विकल्प चुनने या कोई विकल्प न चुनने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प इस प्रकार हैं।**

प्रश्न 1. नदी जब ऊँचाई से गिरती है तो क्या बनता है?

**उत्तर: ख) जल प्रपात**

प्रश्न 2. इस अनुच्छेद का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

**उत्तर: ख) नदी का सफ़र**

प्रश्न 3. वह स्थान जहाँ नदी समुद्र में मिलती है, क्या कहलाता है?

**उत्तर: ख) मुहाना**

प्रश्न 4. नदी के किनारे कौन-कौन लोग मछलियाँ पकड़ते हैं?

**उत्तर: ग) मछुआरे और सैलानी**

प्रश्न 5. जहाँ से नदी की शुरुआत होती है उस जगह को क्या कहते हैं?

**उत्तर: ख) नदी का उद्गम**

### (व्याकरण)

प्रश्न 6. निम्न में से कौन सा शब्द '**बादल**' का पर्यायवाची शब्द है?

**उत्तर: ग) घन**

प्रश्न 7. निम्न में से '**अल्पविराम**' चिह्न कौन सा है?

**उत्तर: ख) ,**

प्रश्न 8. "मेरा दोस्त बुद्धिमान है" इस वाक्य में सर्वनाम शब्द होगा -

**उत्तर: क) मेरा**

### (वर्तनी)

प्रश्न 9. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द शुद्ध है?

**उत्तर: क) प्राचार्य**

प्रश्न 10. निम्न में से सही शब्द का चयन कीजिये।

**उत्तर: ख) विवश**

.................................................................................................................................

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा ) 15 अंक

### (गद्य एवं पद्य)

**प्रश्न 11 से 13 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्रश्न 11. कोको कौन था?

**उत्तर: कोको आठ साल का एक बर्मी बालक था।**

प्रश्न 12. स्वामीनाथन के मित्र का नाम क्या था?

**उत्तर स्वामीनाथन के मित्र का नाम राजम था।**

प्रश्न 13. "बाघ आया उस रात" कविता किसने लिखी है?

**उत्तर: "बाघ आया उस रात" कविता नागार्जुन जी ने लिखी है?**

**प्रश्न 14 से 15 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्रश्न 14. धरती की गुल्लक किन-किन साधनों से भरती है? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

**उत्तर: धरती की गुल्लक तालाबों व कुओं से भरती है।**

**धरती की गुल्लक झीलों, नहरों तथा नदियों आदि से भी भरती है।**

प्रश्न 15. बिशन घायल तीतर को क्यों बचाना चाहता था? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

**उत्तर: बिशन एक दयालू बालक था। उसे पता था कि घायल तीतर को खेत के अंदर कोई ढूँढ नहीं पाएगा और वह वहीं तड़प-तड़पकर मर जाएगा।**

### (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 16 से 18 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।

**(सुलेख)**

प्रश्न 19 हेतु विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद की शुद्धता, स्वच्छता, तथा उचित अक्षर, शब्द वाक्य रचना के आधार पर आकलन करते हुए सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आंशिक उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा।

परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।